# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026




**13 MAY 2026**

GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:

Yesterday, Quiz:

**Q. प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किस राज्य में देश में सबसे ज्यादा 2 करोड़ 19 लाख पॉलिसी जारी की गई।**

**(A) राजस्थान**

(B) मध्यप्रदेश

(C) हरियाणा

(D) इनमें से कोई नही

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत राजस्थान में, देश में सबसे ज्यादा 2 करोड़ 19 लाख पॉलिसी जारी की गई।

- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY) की शुरुआत 18 फरवरी 2016 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई थी। यह योजना खरीफ 2016 के सीज़न से लागू की गई, जिसका उद्देश्य प्राकृतिक आपदाओं के कारण फसल खराब होने पर किसानों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना है।
- 2026 की रिपोर्टों के अनुसार, राजस्थान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY) के तहत 2 करोड़ 19 लाख से अधिक पॉलिसी जारी करने के साथ देश में शीर्ष स्थान पर है। इस योजना के तहत राज्य में 6 हजार 500 करोड़ रुपये से अधिक के क्लेम वितरित किए गए हैं।

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Yesterday Revision**

01. राजस्थान एग्रीटेक मीट की तैयारियों हेतु संचालित हो रहे ग्राम रथ अभियान को 17 मई तक बढ़ाया गया है

02. भीलवाड़ा की हुरड़ा तहसील में स्थित रूपाहेली टेक्सटाइल पार्क का विकास 221 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है

03. पंजाब में आयोजित जर्नलिस्ट प्रीमियर लीग के पहले संस्करण का खिताब राजस्थान ने जीता है

04. राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने सांख्यिकीय रिपोर्ट तैयार करने संबंधी प्रोजेक्ट के लिए राज्यों से सुझाव हेतु राजस्थान के 3 शहरों (जयपुर, जोधपुर और कोटा को) को शामिल किया है

05. राजस्थान की पहली एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (ANTF) का पहला थाना जयपुर में स्थापित किया गया है

1. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(A) जयपुर स्थित जवाहर कला केंद्र का शिल्पग्राम अब नए और आधुनिक स्वरूप में विकसित होगा

(B) इसके तहत जवाहर कला केंद्र में लगभग 15 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे

सही विकल्प चुनिए:

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है (D) दोनों असत्य हैं

**Important Facts:**

- जयपुर स्थित जवाहर कला केंद्र का शिल्पग्राम अब नए और आधुनिक स्वरूप में नजर आएगा। राजस्थान सरकार ने इस ऐतिहासिक सांस्कृतिक स्थल को फिर से विकसित करने की योजना तैयार की है, जिसके तहत लगभग 15 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।
- इस पुनर्विकास परियोजना का उद्देश्य शिल्पग्राम को एक ऐसा जीवंत सांस्कृतिक केंद्र बनाना है, जहां राजस्थान की समृद्ध लोक कला, हस्तशिल्प, संगीत, खानपान और ग्रामीण जीवनशैली का अनुभव एक ही स्थान पर मिल सके
- इस परियोजना के तहत करीब 9 एकड़ क्षेत्र का पुनर्विकास किया जाएगा। यहां कुल 24 हैंडीक्राफ्ट शॉप्स बनाई जाएंगी, शिल्पग्राम में एक विशेष हाट बाजार भी विकसित किया जाएगा, परियोजना में एक आधुनिक फूड कोर्ट भी शामिल किया गया है,

**02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—**

(1) नीति आयोग की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार कक्षा 1 से 12वीं तक की एकीकृत शिक्षा उपलब्ध करवाने में राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर है।

(2) एकीकृत शिक्षा में राजस्थान अकेले इस श्रेणी में पूरे देश की लगभग 35 प्रतिशत हिस्सेदारी रखता है

**सही विकल्प चुनें**

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं
(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- नीति आयोग की नवीनतम रिपोर्ट 'स्कूल एजुकेशन सिस्टम इन इंडिया-टेम्पोरल एनालिसिस एण्ड पॉलिसी रोडमैप फॉर क्वालिटी इन्हेंसमेंट' में राजस्थान की शिक्षा व्यवस्था को देश में अग्रणी बताया गया है।
- रिपोर्ट के अनुसार राजस्थान देश का एकमात्र राज्य बनकर उभरा है जहां विद्यार्थियों को प्राथमिक से लेकर उच्च माध्यमिक यानी कक्षा 1 से 12वीं तक की एकीकृत शिक्षा सर्वाधिक स्तर पर उपलब्ध कराई जा रही है।
- रिपोर्ट के अनुसार कक्षा 1 से 12वीं तक की एकीकृत शिक्षा उपलब्ध करवाने में राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर है।
- रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि वर्ष 2024-25 में देशभर में केवल 5.4 प्रतिशत विद्यालय ही ऐसे हैं जहां कक्षा 1 से 12वीं तक की समेकित शिक्षा उपलब्ध है, जबकि राजस्थान अकेले इस श्रेणी में पूरे देश की लगभग 35 प्रतिशत हिस्सेदारी रखता

03. वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने राजस्थान में जस्ता तार बनाने वाली इकाई लगाने के लिए किसके साथ समझौता किया गया है?

(A) ग्रुप निर्मल

(B) बायजू

(C) उत्कर्ष

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने राजस्थान में जस्ता तार बनाने वाली इकाई लगाने के लिए 12 मई को ग्रुप निर्मल के साथ समझौता किया।
- इस संबंध में भीलवाड़ा जिले में स्थित उसके जिंक इंडस्ट्रियल पार्क में संयंत्र लगाने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं।
- इस समझौते के तहत ग्रुप निर्मल, हिंदुस्तान जिंक के उच्च-ग्रेड वाले जस्ते का इस्तेमाल कर जस्ता तार उत्पादों का निर्माण करेगा।
- इन उत्पादों का उपयोग बुनियादी ढांचा, नवीकरणीय ऊर्जा, वाहन और औद्योगिक इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों में किया जाएगा।

04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(1) वन विभाग राजस्थान का पहला गोट बैंक शुरू करने जा रहा है

(2) दुर्लभ वन्यजीव कैरेकल कैट (सियागोश) को रिवेंज किलिंग' यानी बदले की भावना से होने वाली हत्याओं से बचाने के लिए यह विकसित होगा

सही कथन चुनिए:

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- राजस्थान के सरहदी जिले जैसलमेर में वन्यजीव संरक्षण की दिशा में एक अनूठी पहल होने जा रही है।
- दुर्लभ वन्यजीव कैरेकल कैट (सियागोश) को रिवेंज किलिंग' यानी बदले की भावना से होने वाली हत्याओं से बचाने के लिए वन विभाग प्रदेश का पहला गोट बैंक शुरू करने जा रहा है।
- योजना के तहत यदि कोई कैरेकल किसी पशुपालक की बकरी का शिकार करता है, तो विभाग कागजी मुआवजे के इंतजार के बजाय सीधे गोट बैंक से उसे नई और स्वस्थ बकरी उपलब्ध करवाएगा।
- योजना की पृष्ठभूमि मार्च 2026 की एक हृदयविदारक घटना से जुड़ी है। जैसलमेर के एक सरहदी गांव में ग्रामीणों ने अपनी 50 बकरियों के शिकार के शक में एक दुर्लभ कैरेकल को जिंदा जला दिया था

**05. राजस्थान सरकार को स्कूलों में शिक्षा के माध्यम के रूप में राजस्थानी को मान्यता देने और बढ़ावा देने के लिए एक व्यापक नीति बनाने का निर्देश किसने दिया है**

(A) राज्यपाल

(B) सुप्रीम कोर्ट

(C) भारत सरकार

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- सुप्रीम कोर्ट ने 13 मई को राजस्थान सरकार को स्कूलों में शिक्षा के माध्यम के रूप में राजस्थानी को मान्यता देने और बढ़ावा देने के लिए एक व्यापक नीति बनाने का निर्देश दिया
- जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने राज्य सरकार को राजस्थानी को एक स्थानीय या क्षेत्रीय भाषा के रूप में उचित दर्जा दिलाने की दिशा में काम करने और धीरे-धीरे इसे स्कूलों में शिक्षा के माध्यम के रूप में शुरू करने का निर्देश दिया.
- कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार शैक्षिक उद्देश्यों के लिए राजस्थानी भाषा को एक स्थानीय या क्षेत्रीय भाषा के रूप में मान्यता देने और उचित दर्जा देने के लिए आवश्यक कदम उठाएगी.

जयपुर, सोमवार, 11 मई, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-81

1. **अम्बेडकर** डीबीटी वाउचर योजना के तहत विद्यार्थियों को अधिकतम कितनी राशि प्रतिमाह दी जाती है?
(A) 1,000 रुपये
(B) 1,500 रुपये
(C) 2,000 रुपये
(D) 2,500 रुपये

2. **'देवास** परियोजना' किस जिले से संबंधित है?
(A) उदयपुर
(B) बांसवाड़ा
(C) डूंगरपुर
(D) झालावाड़

3. **ऑनलाइन** बुकिंग मैनेजमेंट सिस्टम (ओबीएमएस) से अब तक कितने पर्यटन स्थल जोड़े जा चुके हैं?
(A) 50
(B) 75
(C) 100 से अधिक
(D) 150से अधिक

4. **राजस्थान** के सभी जिलों में किस वर्ष तक 'साइबर पुलिस स्टेशन' स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है?
(A) वर्ष 2027 तक
(B) वर्ष 2028 तक
(C) वर्ष 2032 तक
(D) वर्ष 2030 तक

5. **पंच** गौरव योजना में 'एक जिला - एक खेल' के तहत चित्तौड़गढ़ जिले का खेल कौन सा है?
(A) एथलेटिक्स
(B) बास्केटबॉल
(C) कबड्डी
(D) जिम्नास्टिक

**Today, Quiz:**

**Q. राजस्थान की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (ANTF) का पहला थाना किस शहर में स्थापित किया गया है,।**

(A) जयपुर

(B) जोधपुर

(C) बीकानेर

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine